उमरयिा डुंगरयिा औद्योगकि क्षेत्र के लयि बना अतउिच्च दाब सब-स्टेशन बरगी हुआ ऊर्जीकृत

चर्चा में क्यों?

17 जनवरी, 2022 को मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सहि तोमर ने बताया कजिबलपुर क्षेत्र में औद्योगकि गतविधियिों को बढ़ावा देने हेतु मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमशिन कंपनी ने बरगी क्षेत्र के चंदेरी ग्राम में 132 के.वी. के नए अतउिच्च दाब सब-स्टेशन को ऊर्जीकृत कर दयिा है।

प्रमुख बदिु

- इस सब-स्टेशन के प्रारंभ हो जाने से जबलपुर के उमरयिा डुंगरयिा औद्योगकि क्षेत्र को काफी फायदा मलिगा। साथ ही उमरयिा डुंगरयिा में फेस-एक, फेस-दो और फेस-तीन के प्रस्तावति उद्योगों के लयि विद्युत की सहज उपलब्धता रहेगी।
- अब उमरयिा डुंगरयिा के साथ ही मानेगाँव क्षेत्र के क्रेशर, बरगी और चरगंवा क्षेत्र के घरेलू एवं कृषउिपभोक्ताओं को उचति वोल्टेज में गुणवत्तापूर्ण बजिली मलिगी।
- पहले इस औद्योगकि क्षेत्र सहति बरगी एवं चरगंवा क्षेत्र में मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमशिन कंपनी के 2 फीडर से विद्युत आपूर्तकिी जाती थी। अब बरगी सब-स्टेशन के प्रारंभ हो जाने से 6 फीडर से बजिली मलिगी।
- कंपनी के उमरयिा डुंगरयिा क्षेत्र में अब दो अतउिच्च दाब सब-स्टेशनों से विद्युत सप्लाई का दोहरा वकिल्प उपलब्ध रहेगा- एक 220 के.वी. जबलपुर से तथा दूसरा सीधे बरगी पावर हाउस से।
- बरगी (चंदेरी) में सब-स्टेशन बनने से 33 के.वी. लाइनों की लंबाई भी कम होगी। जो पहले 40 कि.मी. थी, वो अब घटकर 12 कि.मी. की हो गई है। इससे उपभोक्ताओं को कम वोल्टेज पर सप्लाई की समस्याओं से छुटकारा तो मलिगा ही, साथ ही घने जंगल और नर्मदा क्रॉसगि के कारण विद्युत सुधार कार्य में आसानी होगी।
- उमरयिा डुंगरयिा में 33 के.वी. के 2, 11 के.वी. के 6 तथा नम्नि दाब के 60 उपभोक्ताओं के औद्योगकि कनेक्शन हैं। इन्हें प्रत्यक्ष रूप से फायदा तो मलिगा ही, इसके अलावा तकरीबन 147 गाँवों के करीब 25 हज़ार 650 उपभोक्ता भी लाभान्वति होंगे।
- 132 के.वी. बरगी (चंदेरी) के ऊर्जीकृत होने से जबलपुर ज़लि की पारेषण क्षमता में वृद्धहिुई है। जबलपुर ज़लि में अब 220 के.वी. के 4 तथा 132 के.वी. के 9 सब-स्टेशन हो गए हैं।
- मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमशिन कंपनी का यह प्रदेश में 404वाँ अतउिच्च दाब केंद्र है। प्रदेश में इस समय ट्रांसमशिन कंपनी के 400 के.वी. के 14 सब-स्टेशन, 220 के.वी. के 84 सब-स्टेशन तथा 132 के.वी. के 306 सब-स्टेशन क्रयिाशील हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/very-high-pressure-substation-built-for-umaria-dungaria-industrial-area-energized